भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4538

23 मार्च, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि मशीनरी विनिर्माण

4538. श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की देश में बड़े पैमाने पर कृषि मशीनरी विनिर्माण के लिए दीर्घावधि योजना है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में कार्य संबंधी कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) एवं (ख): आईसीएआर का केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सीआईएई), भोपाल और अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं (एआईसीआरपी)/ कंसोर्टिया रिसर्च प्लेटफॉर्म (सीआरपी) देश के विभिन्न भागों में स्थित केंद्र भारत में कृषि मशीनरी के अनुसंधान और विकास में लगे हुए हैं। सीआईएई कृषि मशीनरी विनिर्माताओं के साथ वार्ताओं का आयोजन करता है और अनुसंधान एवं विकास, अनुसंधान प्रोटोटाइपों का बहु-उत्पादन, क्षमता निर्माण, वाणिज्यिक प्रोटोटाइपों का परीक्षण, अपने नए उत्पाद के गोपनीय परीक्षण, आदि के माध्यम से संस्थान द्वारा कृषि मशीनरी विनिर्माण को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाते हैं। इससे उन्नत क्षमताओं, उत्पाद की गुणवत्ता उन्नत और उत्पादन लाइन में सुधार सुनिश्चित होता है।

*****